हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, गुरुवार 25 जनवरी 2024

11 पानी की टंकी 3 दिन से खराब, यात्री भटकने को विवश



12 यूनियन: 600 में से 550 हड़ताल पर, जीएम: सभी रूटों पर चलीं बस



YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन

₹ 61 करोड़

चेयरमैन स्कॉलरशिप परीक्षा परिणाम घोषित



राव बहादुर सिंह
चेयरमैन, यदुवंशी ग्रुप एवं पूर्व विधायक

## जो कहा - वह कर दिखाया

61 करोड़ की स्कॉलरशिप, देश के होनहार बच्चों के नाम, यदुवंशी ने घोषित किए सच्चाई के साथ परिणाम

- चयनित विद्यार्थी /अभिभावक छात्रवृति के लाभ हेतु सम्बंधित यदुवंशी स्कूल में शीघ्र सम्पर्क करें।
- स्कॉलरशिप विद्यार्थी को सम्बंधित स्कूल की कम्पोजिट फीस पर दी जाएगी।
- रविवार 21 जनवरी 2024 को आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में 61 करोड़ की राशि आबंटित की गई।

## चेयरमैन स्कॉलरशिप परिणाम

PHASE-I
21st Jan. 2024
₹ 61 Crore

### Yaduvanshi Shiksha Niketan, MAHENDERGARH

| Class | 100% | 90% | 80% | 70% | 60% | 50% | 40% | 30% | 20% | Total Sudents |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| XII | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| XI | 16 | 0 | 15 | 11 | 11 | 67 | 0 | 0 | 0 | 120 |
| X | 10 | 0 | 14 | 0 | 0 | 60 | 0 | 0 | 0 | 84 |
| IX | 0 | 0 | 21 | 0 | 27 | 41 | 158 | 0 | 0 | 247 |
| VIII | 0 | 0 | 16 | 0 | 12 | 74 | 192 | 0 | 0 | 294 |
| VII | 0 | 0 | 24 | 0 | 24 | 118 | 87 | 0 | 0 | 253 |
| VI | 0 | 0 | 12 | 0 | 18 | 67 | 119 | 0 | 0 | 216 |
| V | 0 | 0 | 0 | 0 | 13 | 166 | 0 | 0 | 0 | 179 |
| IV | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 99 | 49 | 0 | 0 | 150 |
| III | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 33 | 49 | 0 | 0 | 82 |
| II | 0 | 0 | 3 | 0 | 8 | 29 | 0 | 0 | 0 | 40 |
| I | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 33 | 0 | 0 | 0 | 36 |
| | 28 | 0 | 105 | 11 | 118 | 788 | 654 | 0 | 0 | 1704 |

### Yaduvanshi Shiksha Niketan, NARNAUL

| Class | 100% | 90% | 80% | 70% | 60% | 50% | 40% | 30% | 20% | Total Sudents |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| XII | 5 | 0 | 7 | 0 | 15 | 8 | 0 | 0 | 0 | 35 |
| XI | 0 | 0 | 0 | 0 | 25 | 165 | 0 | 0 | 0 | 190 |
| X | 0 | 0 | 6 | 0 | 3 | 126 | 74 | 0 | 0 | 209 |
| IX | 0 | 0 | 4 | 8 | 29 | 125 | 252 | 0 | 0 | 418 |
| VIII | 0 | 0 | 6 | 0 | 41 | 304 | 0 | 0 | 0 | 351 |
| VII | 0 | 0 | 8 | 0 | 42 | 358 | 0 | 0 | 0 | 408 |
| VI | 0 | 0 | 3 | 6 | 17 | 320 | 0 | 0 | 0 | 346 |
| V | 0 | 0 | 3 | 4 | 13 | 275 | 0 | 0 | 0 | 295 |
| IV | 0 | 0 | 0 | 0 | 9 | 185 | 0 | 0 | 0 | 194 |
| III | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 142 | 0 | 0 | 0 | 148 |
| II | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 99 | 0 | 0 | 0 | 99 |
| I | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 84 | 0 | 0 | 0 | 84 |
| | 5 | 0 | 37 | 18 | 200 | 2191 | 326 | 0 | 0 | 2777 |

### Yaduvanshi Shiksha Niketan, SATNALI

| Class | 100% | 90% | 80% | 70% | 60% | 50% | 40% | 30% | 20% | Total Sudents |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| XII | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 42 | 19 | 0 | 0 | 61 |
| XI | 0 | 0 | 14 | 0 | 59 | 52 | 0 | 0 | 0 | 125 |
| X | 0 | 0 | 1 | 0 | 12 | 125 | 0 | 0 | 0 | 138 |
| IX | 0 | 0 | 0 | 0 | 45 | 134 | 0 | 34 | 0 | 213 |
| VIII | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 110 | 134 | 0 | 0 | 248 |
| VII | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 90 | 113 | 0 | 0 | 205 |
| VI | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 | 68 | 101 | 0 | 28 | 204 |
| V | 0 | 0 | 0 | 0 | 10 | 56 | 98 | 24 | 0 | 188 |
| IV | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 30 | 100 | 0 | 0 | 130 |
| III | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 23 | 55 | 4 | 0 | 82 |
| II | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 79 | 11 | 0 | 0 | 90 |
| I | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 57 | 0 | 0 | 61 |
| | 0 | 0 | 15 | 0 | 139 | 813 | 688 | 62 | 28 | 1745 |

### Yaduvanshi Shiksha Niketan, REWARI

| Class | 100% | 90% | 80% | 70% | 60% | 50% | 40% | 30% | 20% | Total Sudents |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| XII | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| XI | 0 | 0 | 7 | 0 | 43 | 0 | 0 | 0 | 0 | 50 |
| X | 0 | 0 | 1 | 11 | 39 | 0 | 0 | 0 | 0 | 51 |
| IX | 0 | 0 | 0 | 7 | 61 | 0 | 0 | 0 | 0 | 68 |
| VIII | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 104 | 0 | 0 | 0 | 104 |
| VII | 0 | 0 | 0 | 4 | 74 | 10 | 0 | 0 | 0 | 88 |
| VI | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 63 | 0 | 0 | 0 | 63 |
| V | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 67 | 0 | 0 | 0 | 67 |
| IV | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 32 | 0 | 0 | 0 | 32 |
| III | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 27 | 0 | 0 | 0 | 27 |
| II | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 27 | 0 | 0 | 0 | 27 |
| I | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 26 | 0 | 0 | 0 | 26 |
| | 3 | 0 | 8 | 22 | 217 | 356 | 0 | 0 | 0 | 606 |

### Yaduvanshi Shiksha Niketan, GURUGRAM SEC 92

| Class | 100% | 90% | 80% | 70% | 60% | 50% | 40% | 30% | 20% | Total Sudents |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| XII | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 6 |
| XI | 0 | 0 | 2 | 1 | 12 | 25 | 2 | 0 | 0 | 42 |
| X | 0 | 0 | 1 | 0 | 3 | 11 | 0 | 0 | 0 | 15 |
| IX | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 53 | 0 | 0 | 0 | 57 |
| VIII | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 | 72 | 0 | 0 | 0 | 79 |
| VII | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 61 | 17 | 0 | 0 | 78 |
| VI | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 32 | 42 | 0 | 0 | 74 |
| V | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 52 | 18 | 0 | 0 | 75 |
| IV | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 22 | 20 | 0 | 0 | 42 |
| III | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12 | 23 | 0 | 0 | 35 |
| II | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 39 | 0 | 0 | 43 |
| I | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 24 | 0 | 0 | 29 |
| | 3 | 0 | 3 | 1 | 32 | 351 | 185 | 0 | 0 | 575 |

## YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS
*Scholarship Amount*

**PHASE-I**
21st Jan. 2024
कुल राशि
₹61 Crore

**PHASE-II**
28th Jan. 2024
बकाया राशि
₹35 Crore

96 करोड़ की स्कॉलरशिप में से 61 करोड़ की स्कॉलरशिप आबंटित करने के पश्चात् शेष 35 करोड़ की स्कॉलरशिप के लिए अगली स्कॉलरशिप परीक्षा

**रविवार, 28 जनवरी 2024**
(प्रात: 10:00 बजे)

Exam Venue: YADUVANSHI SHIKSHA NIKETAN

Thanwas | Sohali | Mandola | Gurugram Sec 33 | Jind
Dhani Mahu | Kanina | Kosli | Hansi

**इस स्कॉलरशिप का लाभ उठाने के लिए विद्यार्थी को 15 फरवरी 2024 से पहले सम्बंधित विद्यालय में रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है।**

**ADMISSION OPEN 2024-25**
Nursery to XII

Hostel Facility
Boys & Girls

## OUR SCHOOL CAMPUSES

**Mahendergarh**: 9466341799 | **Narnaul**: 9468061387 | **Thanwas**: 9050784050 | **Dhani Mahu**: 9050007943 | **Jind**: 9053905361 | **Gurugram Sec.92** : 9053905384 | **Gurugram Sec.33**: 9053905381
**Rewari**: 8901167461 | **Satnali**: 9812330666 | **Sohali (Rajasthan)**: 9991217659 | **Kosli** : 9053002458 | **Hansi** : 9053905366 | **Kanina**: 9053048100 | **Mandola**: 7027134134

## खबर संक्षेप


महेंद्रगढ़। भगवान राम की पूजा करते नवविवाहिता जोड़ा। फोटो : हरिभूमि

### दुल्हा-दुल्हन ने श्रीराम की पूजा-अर्चना की

**महेंद्रगढ़।** अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर यहां देश-प्रदेश में दीवाली की तरह उत्साह व उमंग का माहौल छाया रहा, वहीं इस ऐतिहासिक दिन का असर शादी-विवाह में भी देखने को मिला। मौहल्ला सैनी पुरा निवासी दुल्हे मनीष कुमार सैनी व बांस निवासी दुल्हन याशिता पुत्र रामौतार ने फेरे लेने से पहले भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की तथा बाद में फेरे लिए। वर व वधू पक्ष भी इस ऐतिहासिक पर्व के साक्षी बने।



नारनौल। पोस्टर दिखाते विद्यार्थी, साथ में स्कूल स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पारुल एवं काजल प्रथम

**नारनौल।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड के तत्वावधान में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैण्डर्ड ब्रांच ऑफिस फरीदाबाद से अनामिका राय कंसलटेंट व पारुल रिसोर्सपर्सन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय के स्टैंडर्ड क्लब के मेंटर मनमोहन सिंह प्रवक्ता भौतिकी के निर्देशन में क्लब के छात्र सदस्यों ने भारतीय मानक ब्यूरो के 77वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए।


नारनौल। कुआं पूजन पर कन्या की माता सुरमा कुमारी को सम्मानित करते बसपा नेता अतरलाल। फोटो : हरिभूमि

### खरकड़ाबास में कन्या जन्म पर किया कुआं पूजन

**नारनौल।** कनीना खंड के गांव खरकड़ाबास में सुरमा कुमारी पत्नी अनिल खटाणा ने अपनी नवजात पुत्री का कुआं पूजन कर खुशियां मनाई। बसपा नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल ने मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचकर कन्या की माता सुरमा कुमारी को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने अनिल खटाणा के बधाई देते हुए कहा कि परिवार ने समाज को बेटा-बेटी समान का अच्छा संदेश दिया है।


नारनौल। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में प्रेरणा उत्सव

**नारनौल।** जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में बुधवार को प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना के मार्गदर्शन में प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रेरणा उत्सव कक्षा नौवीं से बारहवीं कक्षा के चयनित छात्रों के लिए एक सप्ताह तक चलने वाला आवासीय कार्यक्रम है। यह सवार्त्तम श्रेणी की तकनीक के साथ छात्रों के लिए एक अनुभवात्मक व प्रेरणा दायक शिक्षण कार्यक्रम है। जहां विरासत और नवाचार का मिलन होता है।

### बाबा तेरे ही नाम से मेरा परिवार चलता है..

**नारनौल।** श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार रात को मोहल्ला गस्तीवाड़ा में श्याम बाबा का जागरण मंडल प्रधान श्री बांके बिहारी की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर अविनाश अग्रवाल ने बाबा का भव्य दरबार रंग बिरंगे फूलों व लाइटों से सजाया। आचार्य शशिकांत शर्मा ने मुख्य यजमान भीमसैन गर्ग, तारामनी देवी से परिवार सहित मंत्रोचार से बाबा की पवित्र ज्योति प्रज्ज्वलित करवाई।

## उपायुक्त ने फहराया तिरंगा और परेड का किया निरीक्षण

# गणतंत्र दिवसः आईटीआई में फुल ड्रेस रिहर्सल, दिखी देशभक्ति की झलक

- 26 जनवरी को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

स्थानीय आईटीआई मैदान में मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए बुधवार फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने तिरंगा फहराया तथा परेड का निरीक्षण किया व मार्च पास्ट की सलामी ली। डीएसपी जितेंद्र कुमार ने परेड टुकड़ियों को कमान दी। इस बार जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राज्य मंत्री ओमप्रकाश यादव मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्त्रम के दौरान डीसी ने सांस्कृतिक टीमों तथा परेड की टुकड़ियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह राष्ट्रीय पर्व है। ऐसे में पूरे उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ सभी अधिकारी निष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी निभाएं। उन्होंने सांस्कृतिक टीमों के इंचार्ज को निर्देश दिए कि वे लगातार अभ्यास जारी रखें। वहीं विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने विभाग की झांकियां को 25 जनवरी को शाम तक आईटीआई मैदान में लाना सुनिश्चित करें ताकि गणतंत्र दिवस पर सुबह वाहनों के आवागमन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इस मौके पर पुलिस अधिक्षक नितिश अग्रवाल, अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, एएसपी परबीना पी, नगराधीश डा मंगल सैन के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।


नारनौल। आईटीआई मैदान में तिरंगा फहराती उपायुक्त मोनिका गुप्ता। फोटो : हरिभूमि


नारनौल। आईटीआई मैदान में मार्च पास्ट की सलामी लेती उपायुक्त मोनिका गुप्ता।

### जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का होगा लाइव प्रसारण

आईटीआई मैदान में मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह लाइव प्रसारण किया जाएगा। कोई भी नागरिक डीसी महेंद्रगढ़ के यूट्यूब चैनल पर जाकर इसका सीधा प्रसारण देख सकता है। इसके अलावा डीसी महेंद्रगढ़ की ऑफिशल वेबसाइट पर जाकर उसके लिंक पर क्लिक करके सीधा प्रसारण देख सकता है। इस कार्यक्त्रम के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में इन स्कूली बच्चों ने लिया भागः** स्थानीय आईटीआई मैदान में मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए बुधवार फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान नौ सांस्कृतिक टीमों ने कार्यक्रम पेश किए। इस दौरान एमआर पब्लिक स्कूल अटेली के विधार्थियों ने सारे जहां से अच्छा तथा सीएल पब्लिक स्कूल नारनौल ने राष्ट्रगान में हिस्सा लिया। इसके अलावा आरएनआर सलीमपुर भक्ति नृत्य राम आएंगें। एमआर मित्रपुरा देशभक्ति नृत्य ए वतन तेरे लिए। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल हरियाणवी नृत्य थाली बाजेगी, गुरू द्रोणाचार्य ढाणी किरारोद भंगडा धरती मेरे देश दी। एएसडी ककराला देशभक्ति मां तुझे सलाम। केवीएस रघुनाथपुरा देशभक्ति मेरा रंग दे बसंती चोला। एएसडी नारनौल हरियाणवी हरियाणा की छोरी। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल नारनौल देशभक्ति थारे आने से भढ गया मान। यदुवंशी शिक्षा निकेतन नारनौल के बच्चों ने कालिया कूद पड़ो मेला में राजस्थानी लोकनृत्य की प्रस्तुतियां दी।


नारनौल। रिहर्सल के दौरान संस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि


नांगल चौधरी। परेड का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### उपमंडल स्तर पर गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित

**नांगल चौधरी।** उपमंडल स्तर पर बैजनाथ चौधरी महिला कॉलेज में मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की बुधवार को फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। एसडीएम मनोज कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया व परेड निरीक्षण किया तथा मार्च पास्ट की सलामी ली। उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में बादशाहपुर विधायक राकेश दौलताबाद मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत कर ध्वजारोहण करेंगे व मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान परेड कमांडर पीएसआई पंकज ने परेड को कमान दी। फुल ड्रेस रिहर्सल के बाद एसडीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पूरे उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं। हर वर्ष पूरे उत्साह के साथ इस राष्ट्रीय पर्व को मनाते हैं। उन्होंने सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के टीम के इंचार्ज को निर्देश दिए कि वे बच्चों का लगातार अभ्यास करवाते रहे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समय निश्चित होना चाहिए। इसके साथ ही वेशभूषा पर भी विशेष फोकस रखने को कहा। उन्होंने झांकियों के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपनी-अपनी झांकियों को सही वक्त पर मैदान में लेकर पहुंचे। कार्यक्रम में मंच संचालन राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल से प्रोफेसर डा. ममता शर्मा ने किया। इस मौके पर तहसीलदार मनजीत मलिक, नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार, नगर पालिका सचिव सौरभ जैन, मेजर सतीश दहिया राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य अनिल यादव, बैजनाथ चौधरी महिला महाविद्यालय प्राचार्य राष्ट्रपाल, लेक्चरर अनीता तंवर, बीईओ सुनीता, नगर पालिका जेई विकास गर्ग, लिपिक उमेश शर्मा मौजूद थे।


नांगल चौधरी। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि


महेंद्रगढ़। परेड का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### उपमंडल स्तर पर गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल, एसडीएम ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

- 26 को विधायक लक्ष्मण सिंह यादव होंगे मुख्य अतिथि

**महेंद्रगढ़।** उपमंडल स्तर पर मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की बुधवार की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। एसडीएम हर्षित कुमार आईएएस ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा परेड निरीक्षण किया व मार्च पास्ट की सलामी ली। उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत कर ध्वजारोहण करेंगे व मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान परेड कमांडर पीएसआई उज्जवल ने परेड को कमान दी। एसडीएम हर्षित कुमार ने कहा कि हर वर्ष पूरे उत्साह के साथ इस राष्ट्रीय पर्व को मानते हैं। सभी अधिकारी पूरे उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम के टीम इंचार्ज को निर्देश दिए कि वे बच्चों का लगातार अभ्यास करवाते रहें। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का समय निश्चित होना चाहिए। उन्होंने झांकियों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपनी-अपनी झांकियों को सही वक्त पर मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल मैदान में लेकर पहुंचे। कार्यक्रम में मंच संचालन जिला समन्वयक एफएलएन डॉ. विक्रम सिंह ने किया। इस मौके पर डीएसपी रणबीर सिंह, नायब तहसीलदार दयाचंद, बीडीपीओ अनिल कुमार, मॉडल स्कूल के प्राचार्य अनिल गोरा, सुपरीटेंडेंट सुदेश पूनिया, मास्टर राजेश शर्मा झाड़ली, मास्टर हरीश रोहिल्ला के अलावा अन्य अधिकारियों कर्मचारी मौजूद थे।

## जोगेन्द्र बने युवा कार्यक्रम सलाहकार समिति के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर की ओर से सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा व संस्कृति के क्षेत्र से प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन के संदर्भित युवा कार्यक्रम का जिला सलाहकार समिति का सदस्य जोगेंद्र सिंह राजपूत को नामांकित किया है। जोगेंद्र सिंह राजपूत फिलहाल भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद पर कार्यरत है। ऐसे में एक नामांकित सदस्य के रूप में जोगिंदर सिंह राजपूत का योगदान जिले में युवा विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों पर मार्गदर्शन सलाह और नए दृष्टिकोण प्रदान करने में महत्वपूर्ण होगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म युवाओं को विभिन्न क्षेत्र में स्वयंसेविक कार्यक्रमों और अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ने में सहायक होगा। इससे युवा समुदाय के साथ जुड़ सकेंगे, विकासात्मक कार्यो् में भाग ले सकेंगे और नेतृत्व कौशल भी विकसित कर सकेंगे। ऐसी गतिविधियों में युवाओं की भागीदारी पूर्ण स्वैच्छिकता के आधार पर होगी। इस नियुक्ति पर जोगेंदर सिंह राजपूत ने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया। उनका कहना है कि जिले के युवाओं की महसूस की गई जरूर को पहचान करना और उन्हें संबोधित करने के लिए सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ एक प्रभावी युवा आंदोलन बनाने में मदद करना होगा।


नारनौल। जोगेंद्र सिंह राजपूत को नामांकित सदस्य का पत्र सौंपते हुए।

## विद्यार्थियों ने गणित ओलंपियाड में जीते गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

टैगोर स्कूल में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित गणित ओलंपियाड में जीते गोल्ड मेडल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी मनीष यादव ने बताया की साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा गणित ओलंपियाड परीक्षा में कक्षा तीसरी से 10वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें कक्षा पांचवी से कनक, रिया, अंशु, नव्या, कनक, लक्षिता सिद्धि, तनुज, हर्ष, रौनक, पारस, लक्ष्य, कार्तिक, अजय ने गोल्ड मेडल हासिल किया। कक्षा छठी से अनुपम, कुशांत, लोकेश, कार्तिक, गौरव, कार्तिक, योगेश, दिव्यांशु, हर्ष, अनिल, इशांत, आरुष, रोहित, खुशवंत, हर्ष, यश, सक्षम, वीरेन, अंश, नैतिक, धीरज, समीर, चेतन, जियांशु, मानवी, ऋषि, जय, लक्ष्य, प्रिंस, निशांत, चेतन, वैभव ने गोल्ड मेडल हासिल किया। कक्षा सातवीं से वंशिका, सविता, आयुष, सक्षम, दीपेश, धीरज, प्रणव, सुमित, राहुल, जितेश, शुभम, अंशु, अनु, निशांत, ऋतिक, दक्ष ने गोल्ड मेडल हासिल किया। कक्षा आठवीं से मधु, पंकज, मयंक, भविष्य, लोकेश, विवेक, मंजीत, निखिल, दिवेश, दीपेश, हिमांशु, दीपांशु, ऋतिक, अनु, हिमांशु, अंतिम, पारुल, महक ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके अलावा कक्षा 10वीं से मनाविक, पीयूष, रितु, दीक्षा, दिशा और नैंसी ने गोल्ड मेडल हासिल किया। प्राचार्या डॉ. निशा ने बताया कि गणित ओलंपियाड के दूसरे फेज में क्वालीफाई करके अपना और स्कूल का नाम रोशन किया और बताया कि सामान्य गणित का ज्ञान होना अति आवश्यक है, बिना सामान्य गणित के प्रगति संभव नहीं। इससे बच्चों को नया सीखने को मिलता है। इस अवसर पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


महेंद्रगढ़। विजेता विद्यार्थी खुशी जाहिर करते हुए।

## राव सुल्तान स्कूल में मनाया पराक्रम दिवस

**महेंद्रगढ़।** राव सुल्तान सिंह स्कूल निम्बहेड़ा में सुभाष चंद्र बोस की जयंती व पराक्रम दिवस मनाया गया। संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव मुख्यातिथि तथा अध्यक्षता उपप्राचार्य रामकुमार ने की। दोनों ने सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। निदेशक सतपाल यादव ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897को कटक उड़ीसा में हुआ था। उनका जन्म ही शायद इसलिए हुआ था कि भारत को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद करवाकर आने वाली पीढ़ी को एक नया जीवन प्रदान कर सके। नेहरू के साथ सुभाष ने कांग्रेस के अंतर्गत युवाओं की इंडिपेंडेंस लीग शुरू की। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेसियों से काले झंडे दिखाए।


महेंद्रगढ़। सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## आपीएस कॉलेज में जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने महिला सैल व एनसीसी के तत्वाधान में बुधवार को एक जागरुकता रैली अभियान कई गांवों में चलाया गया। इस रैली को कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव व प्रिंसिपल डॉ. देवेन्द्र कादयान, डीन डॉ. यशपाल शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महिला सैल प्रभारी डॉ. समिता यादव ने बताया कि राष्ट्रीय महिला दिवस पर कॉलेज के आसपास गांव डालनवास, बलाना, ढाढ़ोत व माधोगढ़ में एक जागरुकता रैली निकाली गई। जिसमें विद्यार्थियों ने समाज में लड़कियों का महत्त्व, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बेटियों को शिक्षित करो आदि विषयों पर जागरुकता अभियान चलाकर जन-जन को समझाया तथा जागृत किया। कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव व रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव ने बताया कि हमारा समाज तभी आगे बढ़ेगा जब बेटियों को बचाकर उन्हें शिक्षित करेंगे। बेटी शिक्षित होती है तो दो घरों का उत्थान होता है। प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र कादयान ने बताया कि आज बेटियां प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करके अपना नाम रोशन कर रही है। लडकियां प्रत्येक परीक्षा परिणाम व प्रतियोगी परीक्षाओं में सबसे आगे रहती है।



महेंद्रगढ़। जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### बीआर स्कूल में भगवान राम प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** बीआर स्कूल सेहलंग में भगवान श्री राम के अयोध्या में श्री राम मंदिर में नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में चेयरमैन हरीश भारद्वाज मुख्यातिथि, प्राचार्य राममोहन वशिष्ठ विशिष्ठ अतिथि व उपप्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने विधिवत अध्यक्षता की। अतिथियों ने सर्वप्रथम भगवान श्रीराम के चित्र पर पुष्पार्पण किया तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में भगवान राम के जन्म, शिक्षा राज्यभिषेक, वन प्रस्थान तथा रावण संहार तक की कहानी को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में रामायण से ली गई अनेक चौपाइयों और दोहों को अर्थ सहित गाया गया। प्राचार्य राममोहन वशिष्ठ ने कहा कि भगवान राम का चरित्र प्रत्येक व्यक्ति को समाज, राष्ट्र और व्यक्तिगत संबन्धों को जीवन की हर स्थिति में मर्यादित रह कर निभाने कि प्रेरणा देता है। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया।

## भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष की माता की श्रद्धांजलि सभा

# रत्ना देवी की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे प्रदेशभर से दिग्गज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा एडवोकेट राकेश शर्मा की माता की रस्म पगड़ी व श्रद्धांजलि सभा उनके नसीबपुर स्थित निवास स्थान पर रखी गई। जिसमें जिला में प्रदेश से अनेक गणमान्य लोगों ने पहुंचकर स्वर्गीय रत्ना देवी को अपनी श्रद्धासुमन अर्पित किए। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश के सामाजिक न्याय राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रांत प्रचार प्रमुख हेमराज, हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन की सदस्य ज्योति बैंदा, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा जीएल शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा अजय बंसल, नांगल चौधरी से विधायक अभय सिंह, अटेली से विधायक सीताराम यादव, पूर्व मंत्री कैलाश शर्मा, पूर्व विधायक बहादुरगढ़ नरेश कौशिक, पूर्व विधायक अटेली नरेश यादव, विजयपाल अहलूवालिया, एसपी गुप्ता रिटायर्ड आईएएस, नप चेयरपर्सन कमलेश सैनी, जिला अध्यक्ष जननायक जनता पार्टी मनीष, पूर्व नप चेयरपर्सन भारती सैनी, जेपी सैनी, राव होशियार सिंह इनेलो, सुरेंद्र नंबरदार, गोविंद भारद्वाज, शिवकुमार मेहता, किशन चौधरी आदि शामिल थे।


नारनौल। रस्म पगड़ी में पहुंचे लोग। फोटो : हरिभूमि

### मौके पर ये लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर देश व प्रदेश से अनेक नेताओं व संगठनों की तरफ से शोक संदेश भी पहुंचे। जिनमें मुख्य रूप से मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय जोशी, भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व कुरुक्षेत्र से सांसद नायाब सिंह सैनी, बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला, हरियाणा सरकार में बोर्ड के अध्यक्ष सुभाष बराला, हुकम सिंह भाटी व आदित्य देवीलाल, पूर्व मंत्री हरियाणा कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व प्रांत कार्यवाह देव प्रसाद भारद्वाज, असम में त्रिपुरा भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री रविंद्र राजू, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, कामधेनु गोधाम एवं आरोग्य संस्थान, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, जिला बार एसोसिएशन, गौड़ सभा, अमित यादव रेवाड़ी, केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट एसोसिएशन से मनीष मित्तल, एल्यूमिनी एसोसिएशन गवर्नमेंट कॉलेज, महाराजा अग्रसेन क्लब, नर नारायण सेवा समिति, प्रगतिशील शिक्षण ट्रस्ट अग्रवाल समाज द्वारका, नूनीवाल गौड़ ब्राह्मण सभा, भारती पब्लिक स्कूल, एसएस जैन सभा, सुरेश चंद्र चौधरी, अशोक सोमानी आदि थे।


नारनौल। एसडीएम मनोज कुमार को मांग पत्र सौंपते संघ से जुड़े सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफैशनल्ज ने सौंपा मांग पत्र डीआईटीएस का केंद्रियकरण करने की रखी मांग

**नारनौल।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफैशनल्ज की ओर से बुधवार हरियाणा के मुख्य प्रधान सचिव के नाम एसडीएम मनोज कुमार को मांग पत्र सौंपा गया। इस मांग पत्र में डीआईटीएस का केंद्रियकरण, पद सर्जित करने के साथ-साथ अन्य मांगों को लागू करने की आवाज उठाई गई है। इस मांग पत्र में बताया गया कि हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफैशनल्ज संघ के प्रतिनिधि मंडल भारतीय मजदूर संघ के मार्गदर्शन में 14 दिसंबर 2023 को डीआईटीएस की मांगों को लेकर मिला था। हरियाणा के मुख्य प्रधान सचिव व मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के प्रतिनिधिमण्डल के साथ 19 जनवरी 2024 को दोपहर 12 बजे हरियाणा सिविल सचिवालय में कर्मचारियों की मांगों के बारे हुई बैठक में लिए गए निर्णयों में बिन्दू नंबर 11 में डीआईटीएस के केंद्रियकरण, पद सर्जित तथा वेतनमान बढ़ोतरी की मांग शामिल थी। डीआईटीएस की मांगों को लेकर प्राप्तरिपोर्ट का अवलोकन करने को कहा।

## खबर संक्षेप

### भैंस चोरी का एक ओर आरोपित गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** रात के समय में भैंस चोरी करने के मामले में थाना सदर पुलिस टीम ने एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान सकुल वासी आलापुर थाना शेखपुर अलवर राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया है। आरोपित अलवर राजस्थान जेल मे गौकशी के मामले में बंद था। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। दो आरोपितों को पहले गिरफ्तार किया गया था। पप्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि जोगेंद्र सिंह वासी झुक ने थाना सदर में भैंस चोरी होने की शिकायत दी। जिसमें उसने बताया कि वह खेत में रहते हैं।

### मकान से नकदी व जेवरात चोरी, केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** गांव रिवासा में एक घर से जेवरात व हजारों रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी की वारदात से पहले परिवार के सदस्य दूसरे गांव में गए थे। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रिवासा निवासी जोगेंद्र पाल ने सिटी पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह 19 जनवरी को परिवार के सदस्यों के साथ गांव पाल में छोटे बेटे की शादी के लिए जेवरात बनवाने के लिए गया था। दोपहर लगभग एक बजे वह चले गए थे। उसके बेटे की शादी 12 फरवरी को होनी है। घर पर उसकी बुजुर्ग मां अकेली थी।

### नशीला पदार्थ उपलब्ध कराने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने नशीला पदार्थ अफीम उपलब्ध कराने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रामगढ़ चौक के पास 13 जनवरी को भगवानपुर निवासी डालचंद उर्फ सोनू को 42.72 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया था। अफीम पाल्हावास निवासी अमरजीत उर्फ कालू से लेने की बात स्वीकार की।

## किशोरी लाल स्कूल में 200 लोगों के बनाए आयुष्मान कार्ड

# वंचितों को घर द्वार पर सेवाओं का लाभ देना ही सरकार का ध्येय

बिना भेदभाव हर क्षेत्र व हर व्यक्ति को मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ: ओमप्रकाश यादव


हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। प्रदर्शनी का अवलोकन करते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव। फोटो: हरिभूमि

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा बुधवार को शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 लोगों के लिए बहादुर सिंह तालाब के नजदीक जैन धर्मशाला में तथा वार्ड नंबर 20 के लोगों के लिए मोहल्ला चौधरीयान गौड़ ब्राह्मण सभा में, वार्ड नंबर 26 के लोगों के लिए मोहल्ला नई सराय राजकीय मिडिल स्कूल में तथा वार्ड नंबर 16 के लोगों के लिए पुरानी मंडी किशोरी लाल स्कूल में पहुंची। इस अवसर पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। शहरी क्षेत्र के जैन धर्मशाला, मोहल्ला चौधरीयान, मोहल्ला नई सराय के राजकीय मिडिल स्कूल तथा पुरानी मंडी किशोरी लाल स्कूल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लाखों की संख्या में उन नागरिकों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिया है जिनको इन योजनाओं के बारे में पता ही नहीं था। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि जो भी पात्र नागरिक सरकार की योजनाओं से वंचित है उसे इस यात्रा के माध्यम से घर द्वार पर ही सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।

उन्होंने कहा कि सरकार शासन में पारदर्शिता व जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को निरंतर धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं है, जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा गया। यादव ने कहा कि सबका साथ सबका विकास को ध्यान में रखते हुए बिना किसी भेदभाव के राज्य के हर क्षेत्र व हर व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ दिया है।

किशोरी लाल स्कूल में आज 200 नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए हैं। अब ये लोग पांच लाख रुपये तक का पैनल अस्पतालों में मुफ्त इलाज करवा सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। इससे गरीब नागरिकों को बहुत फायदा मिल रहा है।


महेंद्रगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए।

## बिहार के पूर्व सीएम जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनाई जयंती

■ सम्मान देने के लिए केंद्र सरकार का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

मौहल्ला नाईयों की गुवाड़ी में बुधवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई। हल्का सैन समाज प्रधान सुंदरलाल आसोदिया ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने का ऐलान किया गया है। कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती से पहले उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किए जाने के ऐलान से सैन समाज, पिछड़ा समाज, शोषित समाज, दलित समाज अति उत्साहित हुआ है। बता दें कि कर्पूरी ठाकुर महान समाज सुधारक थे। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों व सामाजिक समन्वय के साथ बिहार व पूरे भारत की जनता के दिलों में राज किया। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की मांग को पूरा करने पर सैन समाज सरकार का आभार जताया। इस मौके पर गोपाल सैन, गुगन, राजेश, रामकिशन, राधेश्याम, बजरंग, सुरेंद्र, धर्मपाल, मनीष, मौहल्ला ढाणी से किशोरी सैन, देवेंद्र सैन, प्रदीप, मोनू, किशन, हरिराम, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अंकित सैन, राजेंद्र, मनोज, लोकेश, हंसा देवी, शशिबाला, कांता देवी, रेखा, पूनम, राखी आदि मौजूद रही।

## दिल्ली गणतंत्र दिवस समारोह में प्रियांशु सैनी लेगा हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



■ जून 2023 से दिल्ली में चल रही तैयारी में कर रहा प्रैक्टिस

गांव निवाजनगर का युवा प्रियांशु सैनी दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह में हिस्सा लेगा। इस तैयारी में वह जून 2023 से ही तैयारी कर रहा है। सबसे पहले यूनिवर्सिटी लेवल पर कैंप लगा था। उसमें चयन होने के बाद यमुनानगर में एक-एक माह के दो कैम्प लगे। उसमें चयन होने के बाद आखिरी कैम्प पंजाब के रोपड़ में लगा। जहां देशभर से लगभग 15 लाख कैडेट में से दो हजार कैडेट का चयन हुआ। प्रियांशु सैनी कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी मे बीएससी द्वितीय वर्ष का छात्र है। दो फरवरी 2024 को राज्यपाल हाऊस चंडीगढ़ लंच पर प्रियांशु सैनी सहित उनकी माता गीता देवी व पिता जयसिंह सैनी को आमंत्रित किया गया है। आपको बताते चले कि प्रियांशु के पिता जयसिंह नारनौल के सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बतौर डीपीई पद पर कार्यरत है।

## स्कूल नेशनल कबड्डी में चुने गए आरपीएस के शिवम

■ स्कूल मैनेजमेंट ने चयनित छात्र को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय के 12वीं कक्षा में पढ़ रहे छात्र शिवम का नेशनल गेम्स कबड्डी के अंदर-19 में चयन हुआ है। अब छात्र शिवम कर्नाटका में आयोजित इस प्रतियोगिता में भाग लेगा। छात्र की इस उपलब्धि पर ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, इंजी. मनीष राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बधाई देते हुए छात्र को विजयी होने की शुभकामनाएं दी। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस आज शिक्षा के साथ-


महेंद्रगढ़। छात्र शिवम अपने स्टाफ सदस्यों के साथ। फोटो: हरिभूमि

साथ अपने विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार खेलों में भी आगे बढ़ाने के लिए उचित मंच प्रदान कर रहा है। यही कारण है कि बीते दोनों भी विद्यालय की बास्केटबॉल गर्ल्स और बॉयज वर्ग तथा वॉलीबॉल, फुटबॉल के बॉयज वर्ग, कबड्डी में बॉयज वर्ग में सीबीएसई नेशनल में भाग लेते हुए बेहतरीन प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सीओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आज आरपीएस के बच्चे अपने शिक्षकों व प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में हर क्षेत्र में अव्वल भूमिका में नजर आ रहे हैं। यह सब अभिभावकों के विश्वास का ही परिणाम है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि विद्यालय में गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ-साथ करीब सभी खेलों का प्रशिक्षण बेहतरीन प्रशिक्षकों के माध्यम से दिलवाया जाता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का छात्र शिवम 27 जनवरी तक कर्नाटक के माण्डेया में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा। एचओडी राजकुमार यादव ने बताया कि हर वर्ष अलग-अलग खेलों के बच्चे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित होते हैं और अपने स्कूल का नाम रोशन करते हैं। कबड्डी के कोच विक्रम व सज्जन सिंह ने बताया कि छात्र शिवम हॉस्टल का छात्र है तथा उसमें निरंतर कबड्डी का अभ्यास किया। इस अभ्यास का परिणाम है कि आज उसका चयन 67 वें स्कूल नेशनल गेम्स कबड्डी के अंडर-19 में हुआ है। इस अवसर पर प्रशिक्षक जितेंद्र, धर्मवीर, जगदीश, अमित, रविंद्र, राकेश, यतिन, संदीप, तिलक, करतार सिंह, आकाश, विजयपाल, सुनीता, सुनीता, सुमन, कविता सहित मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों की ओर से 13 मार्च 2023 से शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 318वें दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता मक्खन लाल ने की। उन्होंने कहा कि सालभर से जारी धरने के दौरान उनके दर्जनभर साथी बीमार हो चुके है, वहीं बागोत वासी गौरी शर्मा की शहादत हो चुकी है। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि कड़ाके की सर्दी के बीच ग्रामीण कट बनाने की माग को लेकर धरना देने पर मजबूर हैं। सरकार धरना पर बैठे ग्रामीणों मांग को अनदेखा कर रही है। इस मौके पर नरेंद्र शास्त्री छितरोली, सूबेदार सुखबीर सिंह, हरिओम पोता, बेड़ासिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशीराम, सूबेसिंह, बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, शेरसिंह मौजूद रहे।


कनीना। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया स्मार्ट मोबाइल के उपयोग का प्रशिक्षण

**नारनौल।** हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय नांगल चौधरी में बुधवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट मोबाइल फोन के उपयोग के बारे में प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर जिला समन्वयक अधिकारी अनूप सिंह ने बताया कि कुछ दिनों पहले प्रदेश सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए स्मार्ट मोबाइल फोन प्रदान किए थे। अब खंड स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट मोबाइल फोन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि काम करने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मोबाइल फोन के संचालन से संबंधित तथा विभागीय कार्य जैसे पोषण ट्रैकर व क्रीड जैसी ऑनलाइन गतिविधियों के संचालन संबंधित जानकारी दी।


नारनौल। प्रशिक्षण में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व प्रतिभागी।

### हकेंवि में बालिका दिवस पर कार्यक्रम

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ द्वारा सशक्त लड़कियां, सशक्त महिलाएं और सशक्त विश्व विषय पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि लड़कियों को शिक्षित करने से आत्मनिर्भर व विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी। संयोजक डॉ. रेनु यादव ने प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर भारत अभियान व इसकी सफलता में महिलाओं की सहभागिता से अवगत कराया। डॉ. रीमा गिल, समन्वयक डॉ. अनिता कुमारी, डॉ. रेनू और डॉ. सुमन कुमारी एमएससी व पीएचडी के विद्यार्थियों रश्मि, दीपिका, देबोलिना चाखी, डेजी मुशाहारी, गीतांजलि महिला, नेहा सैनी, संदीप कुमार मौजूद रहे।


नारनौल। महंत विट्ठलगिरी का अभिनंदन करते श्रद्धालुगण। फोटो: हरिभूमि

### महंत विट्ठलगिरी का किया स्वागत

**नारनौल।** भव्य दिव्य अयोध्या राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा तीर्थ यात्रा कर वापिस बुचावास गौशाला पहुंचे महंत विट्ठल गिरी महाराज का श्रद्धालुओं ने अभिनंदन समारोह आयोजित कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने उन्हें आन-बान-शान का प्रतीक साफा पहनाकर, शॉल, प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर अभिनंदन किया। श्रद्धालुओं ने कहा कि संत बाबा विट्ठल गिरी महाराज इलाके में हवन यज्ञ, समाजसेवा, गौसेवा, धार्मिक यात्राएं निकालकर धर्म रक्षा का उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह तीर्थ यात्रा में हिस्सा लेकर पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है। यह हमारी परंपरा है कि जब भी कोई साधु-संत, परिवार का वृद्धजन व महापुरुष जब तीर्थ यात्रा करके वापिस आते है तो समाज उनका स्वागत करता है। इस मौके पर अतरलाल, दानसिंह प्रजापत, राकेश यादव, शेरसिंह, राजबीर सिंह, लालचंद ने महंत विट्ठल गिरी महाराज के धर्म रक्षा कायारें की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की।

## राव जयराम स्कूल में बोस को अर्पित किए श्रद्धासुमन

■ निदेशक सुरेंद्र यादव ने नेताजी का जीवन परिचय बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

राव जयराम विद्यालय में मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि शिक्षण संस्थान निर्देशक सुरेंद्र यादव रहे। अध्यक्षता नरेंद्र यादव ने की। विशिष्ट अतिथि कप्तान हरिसिंह यादव रहे। सभी स्टाफ सदस्यों ने नेताजी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर निदेशक सुरेंद्र यादव ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक भारतीय राष्ट्रवादी थे, जिनकी भारत के प्रति देशभक्ति ने कई भारतीयों के दिलों में छाप छोड़ी है। उन्हें 'आजाद हिंद फौज' के संस्थापक के रूप में जाना जाता है। उनके प्रसिद्ध नारे हैं 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा', 'जय हिंद' और 'दिल्ली चलो'। वह स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए अपना, गए अपने उग्रवादी दृष्टिकोण और अपनी समाजवादी नीतियों के लिए जाने जाते हैं। नरेंद्र यादव ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के उन महान स्वतंत्रता सेनानियों में शुमार होते हैं, जिनसे आज के दौर का युवा वर्ग प्रेरणा लेता है। उनका जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक शहर में हिन्दू कायस्थ परिवार में हुआ था। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को इस महान स्वतंत्रता सेनानी के पदचिन्हों पर चलने एवं उनके आदर्शों को जीवन में ढालने के लिए प्रेरित किया।


मंडी अटेली। राजकीय माध्यमिक विद्यालय रामपुरा में बच्चों को सम्मानित करते हुए।

### सेवा, समर्पण एवं त्याग की प्रतिमूर्ति थे नेताजी सुभाष

**मंडी अटेली।** महापुरुष किसी जाति-धर्म या संप्रदाय के नहीं बल्कि राष्ट्र की अनमोल धरोहर होते हैं। महापुरुषों को जाति धर्म में बांटना उनके व्यक्तित्व एवं विचारों को संकीर्णता में आबद्ध करना है। इसलिए हमें महापुरुषों का समादर भाव से सम्मान करना चाहिए। जूनियर रेडक्रॉस सेंट जॉन ब्रिगेड ऑफिसर डा. सीएस वर्मा ने सुभाष युवा मंच ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय रामपुरा में आयोजित नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह में व्यक्त किए। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्याध्यापक सत्यवीर बोहरा ने की, जबकि मंच संचालन बिशन शर्मा ने किया। नेताजी सुभाष की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

**सूचना**

मैं, विशाल चौहान पुत्र श्री भरतराज चौहान, निवासी मोहल्ला माली टिब्बा नई बस्ती नारनौल, महेंद्रगढ़, हरियाणा–123001 कि मैंने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम विशाल से बदलकर विशाल चौहान कर लिया है।

## दूसरे डिपो से आने वाले चालक-परिचालक भी परेशान

# पानी की टंकी 3 दिन से खराब, यात्री भटकने को विवश

■ स्थानीय बस स्टैंड पर 32 बस करती है रात्रि ठहराव, राजस्थान व पंजाब के अलावा कई डिपों की बसों का प्रतिदिन होता आवागमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। पानी पड़ी पानी की टंकी को दिखाते यात्री व ट्यूबवेल से निकाली गई मोटर। फोटो: हरिभूमि

बस स्टैंड पर लगी पानी मोटर तीन दिन से खराब होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। यात्री अपनी जेब से पैसे खर्च करके पानी पीने का मजबूर हैं। सबसे अधिक परेशानी बस स्टैंड पर यात्री ठहराव के आने वाले चालक परिचालकों को उठानी पड़ रहीं हैं। बता दें कि स्थानीय बस स्टैंड पर रोडवेज विभाग की ओर से ट्यूबवेल लगा रखा है। जिससे बस स्टैंड पर लगी दो पानी टंकी व सार्वजनिक शौचालय में पानी की सप्लाई होती है। लेकिन तीन दिन पहले ट्यूबवेल की मोटर खराब हो गई थी। कर्मचारी कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं, परंतु तीन दिन बीत जाने के बाद अधिकारियों ने यात्रियों व कर्मचारियों की समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। रोडवेज कर्मचारियों की मानें तो स्थानीय बस स्टैंड से प्रतिदिन करीब 50 हजार यात्री आवागमन करते हैं। बस स्टैंड के समीप कोई अन्य पानी के लिए व्यवस्था भी नहीं हैं। ऐसे में यात्रियों को अपनी जेब से पैसे खर्च करके पानी पीना पड़ रहा है। वहीं बस स्टैंड पर लगे शौचालय का प्रयोग करने वाले यात्री भी पानी खरीद कर शौचालय का उपयोग कर रहे हैं।

**दो राज्यों सहित 11 डिपों की बसों का आवागमन:** बस स्टैंड पर प्रतिदिन विभिन्न डिपो की 32 बसे रात्रि ठहराव करती हैं। जिनके चालक परिचालकों को परेशानी उठानी पड़ रही हैं। रात के समय आसपास की दुकान बंद होने के कारण कर्मचारियों की परेशानी ओर अधिक बढ़ जाती हैं।

### जल्द मोटर होगी ठीक

बस अड्डा इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि दो दिन से ट्यूबवेल की मोटर खराब होने से परेशानी है। उन्होंने बताया कि वैकल्पिक के तौर पर टंकी में पानी के टैंकर गिरवाए जा रहे हैं। जल्द ही मोटर ठीक होने की उम्मीद है।

**सूचना**

मै लक्ष्मणदास पुत्र उदनी राम पुत्र फूलचंद वासी मोहल्ला गुरुनानकपुरा, नारनौल, जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरे पिता उदमीराम का स्वर्गवास 05.04.2014 को हो गया था। वहीं मेरी माता नाथी देवी का निधन मेरे पिता के निधन से पहले ही हो गया था। अब उनके जायज वारिस निम्नलिखित हैं।
1. रामचंद्र बागोतिया पुत्र 2. लक्ष्मण दास पुत्र 3. संता देवी पुत्री 4. बिमला देवी पुत्री 5. कमला पुत्री 6. ललिता देवी पुत्री 7. सुनीता राम पुत्री। उक्त वारिसों के अलावा उनके और कोई जायज वारिस नहीं है। उक्त सपथ पत्र पर कोई और क्लेम करता है या एतराज करता है तो मै स्वयं जिम्मेदार हूं।

# पटवारी हड़ताल : ग्रुप सी, डी और सीपीएलओ के डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन जल्द, परेशान हो रहे बच्चे

## किसान और आमजन परेशान, 150 इंतकाल, 300 निशानदेही व 400 प्रमाण पत्र अटके, हो अतिरिक्त व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले भर में पटवारी व कानूनगो की हड़ताल के चलते इंतजार, रजिसट्रियां, जमीन की गिरदावरी, बच्चों के प्रमाण पत्र संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पिछले काफी दिनों से पटवारियों की हड़ताल चल रही है। कार्यालयों पर ताला लटका होने से लोगों को कामकाज के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पटवारियों की हड़ताल के चलते रोजाना 150 से ज्यादा होने वाले इंतकाल, 300 के करीब जमीनों की निशानदेही, 400 से ज्यादा बच्चों के प्रमाण पत्र को लेकर आने वाले केस प्रभावित हो रहे हैं। शादियों के लिए लोन आदि लेने के लिए पटवारियों की रिपोर्ट न होने के कारण लोग हाथों में कागजात लिए पटवार खाना के चक्कर लगाने को मजबूर हो रहे हैं। कृषि विभाग द्वारा किसानों से सरकारी रेट पर अपनी फसल बेचने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर ऑनलाइन पंजीकरण मांग रखे है। यदि उसमें कोई त्रुटि पाई जाती है तो पटवारी लॉगिन पर ही आपत्ति पहुंचती है। लोगों का कहना है कि सरकार को पटवारियों की हड़ताल को देखते हुए अतिरिक्त व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन पटवारी रिपोर्ट आवश्यक

प्रदेश में सीईटी के तहत ग्रुप सी, डी और सीपीएलओ की भर्ती प्रक्रिया में परीक्षा आयोजित करवाकर बच्चों का परिणाम आयोग जारी कर चुका है। अबकी बार भाजपा सरकार द्वारा इंटरव्यू प्रक्रिया खत्म कर सीधे डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन कर रही है। आयोग के अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने सूचना दी है कि बच्चों के डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन का नोटिफिकेशन किसी भी वक्त जारी हो सकता है। आयोग ने भर्ती को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली है। इसमें सभी बच्चों को पुराने सर्टिफिकेट के साथ साथ नए निवास प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट भी तैयार करवाने है हालांकि जाति प्रमाण पत्र को हरियाणा सरकार ने



ऑनलाइन माध्यम से सरल पोर्टल पर सीधा बनाने का ऑप्शन दे रखा है किंतु अभी बहुत से बच्चों की फैमली आईडी में जाति वेरिफिकेशन नही हुई है जोकि पटवारी द्वारा की जाती है। जब तक पटवारी जाति वेरिफिकेशन नही करते है तो उनका जाति प्रमाण पत्र जारी नही किया जाता है। प्रदेश में केवल डी ग्रुप के ही 56 हजार बच्चों का डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन होना है जिनका पटवारियों की हड़ताल की वजह से भविष्य अधर में लटका हुआ है। सीईटी पास प्रदीप कुमार ढाणी बाठोठा, ऋषि देव भोजावास, रोहित कुमार मेघोत, हरिओम कोजिंदा, राकेश कुमार मंढाणा, हितेश सेका, नितेश कुमार कादीपुरी, अमन कुमार शहरपुर व कृष्ण कुमार खटोटी का कहना है कि हम भर्ती प्रक्रिया के लिए डॉक्यूमेंट्स बनवाने के लिए लगातार पटवार घर के चक्कर लगा रहे है किंतु हमें पटवार घर के ताला लगा मिलता है जिससे हमें निराश होकर घर लौटना पड़ता है। सरकार को पटवारियों की हड़ताल के बीच में बच्चों के लिए अलग से कोई व्यवस्था करनी चाहिए जिससे बच्चों के दस्तावेज कार्य ना रुके।

### फसल पंजीकरण की अंतिम तिथि पास, कैसे हो आपत्तियों का निपटारा

कृषि विभाग ने किसानों को समर्थन मूल्य पर फसल बेचने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित कर रखी है। जिसमें किसानों को पंजीकरण करते समय सांझा खाते की जमीन पोर्टल पर ऑनलाइन करते समय समस्या का सामना करना पड़ रहा है। समस्या में किसानों को पोर्टल पर आपत्ति दर्ज करने का निर्देश दे रखे है। जो आपत्ति पटवारी लॉगिन पर जाती है किंतु पटवारियों की हड़ताल होने के कारण उनका समाधान नहीं हो रहा है। जिससे किसान परेशान है कि पटवारी हड़ताल के चक्कर में उनका फसल पंजीकरण अधर में ना रह जाए। किसानों ने सरकार से अपील की है कि फसल पंजीकरण की अवधि को 29 फरवरी तक बढ़ाया जाए ताकि उनका पंजीकरण पूरा हो सके।

### इस माह काम नही, 25 तक हड़ताल 29 से 31 तक भी करने की तैयारी

पटवारी और कानूनगो की पिछले काफी दिनों से हड़ताल चल रही है। आम लोगों के अनेक कार्य प्रभावित हो रहे है। शादी विवाह भी चल रहे है। काफी लोग केसीसी लोन का सहारा लेकर अपनी लड़कियों की शादी करते है लेकिन अब ऐसा करना मुश्किल है क्योंकि पटवारी हड़ताल पर है। बिना पटवारी के सिफारिश के केसीसी लोन लेना ना के बराबर है। 25 जनवरी तक पटवारियों की हड़ताल यूनियन द्वारा घोषित है। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की छुट्टी है। 27 को शनिवार व 28 को रविवार है। 29 से 31 जनवरी तक पटवारी फिर हड़ताल की तैयारी कर रहे है। फसल पंजीकरण योजना भी मुश्किल में दिखाई दे रही है।

### पटवारियों की हड़ताल को नंबरदार एसोसिएशन ने दिया समर्थन

**सतनाली मंडी।** पटवारियों की हड़ताल का नंबरदार एसोसिएशन ब्लॉक सतनाली ने समर्थन किया। एसोसिएशन के उपप्रधान व प्रेस प्रवक्ता नंबरदार राकेश शर्मा ने बताया कि प्रधान मुरारीलाल नंबरदार ने धरना स्थल पर जाकर पटवारियों की हड़ताल का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि पटवारी अपनी मांगों को लेकर कई दिन से हड़ताल पर है, जिससे लोगों के पटवारियों से संबंधित काम बाधित हैं। उन्होंने पटवारियों की मांगों को पूरा करने की मांग की। इस मौके पर नंबरदार मुरारीलाल, राकेश शर्मा, जयपाल सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

### ये कार्य हो रहे प्रभावित

निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, किसान फसल पंजीकरण आपत्तियां, केसीसी लोन, फर्द व जमाबंदी, जमीन के इंतकाल व रजिस्ट्री, ई-गिरदावरी, फैमली आईडी से जुड़े अनेक कार्य आदि।

## खबर संक्षेप

### फतनी गांव में कल रक्तदान शिविर

**नारनौल।** गांव फतनी में 26 जनवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को राधा कृष्ण मंदिर अटेली में टाइगर क्लब के मुख्य संरक्षक राकेश यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। गोरक्ष बिट्टू लांबा ने बताया कि शिविर की तैयारियों के लिए ड्यूटी सौंपी गई हैं।

### आईटीआई में प्रधानमंत्री शिक्षुता मेला 29 को

**नारनौल।** आईटीआई में 29 जनवरी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला आयोजि किया जाएगा। प्राचार्य विनोद खनगवाल ने बताया मेले में अनेक राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय कंम्पनिया भाग लेगी, जो आईटीआई पास छात्रों का चयन करेगी। उन्होंने बताया कि कुछ कंपनियों में आईटीआई के अलावा पॉलिटेक्निक डिप्लोमा धारकों का चयन भी किया जाएगा।

### सामान लेने आए व्यक्ति के बैग से 30 हजार चोरी

**महेंद्रगढ़।** सब्जी मंडी के पास किरयाणा के सामान लेने सिगड़ा निवासी रवि के थैले से 30 हजार रुपये चोरी हो गए। उसने बताया कि 23 जनवरी को शाम वह सोलू की दुकान पर सामान खरीदने गया। उसकी बाइक पर टंगे थैले से किसी नें अंदर 30 हजार रुपये, लाइसेंस, मोहरह, आधार कार्ड इत्यादि चोरी कर लिया।

## रोडवेज के चक्काजाम से दिनभर भटकते रहे यात्री

# यूनियनः 600 में से 550 हड़ताल पर महाप्रबंधकः सभी रूटों पर चलीं बस

घंटों इंतजार करने के बाद निजी वाहनों का लेना पड़ा सहरा, वाहन चालकों ने यात्रियों से वसूला मनमाना किराया



नारनौल। हड़ताल के चलते बूथ पर नहीं लगी एक भी रोडवेज बस व हड़ताल के दौरान नारेबाजी करते कर्मचारी व फरीदाबाद डिपो की बस में चढ़ते यात्री। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश सरकार की ओर से रोडवेज कर्मचारियों की मानी गई मांगों को अब तक लागू नहीं करने के विरोध में बुधवार को रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के बैनर तले रोडवेज बसों का चक्का जाम कर दिया। जिसके चलते यात्रियों को बसें नहीं मिलने के कारण उनको काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बसों की कमी के चलते घंटों के इंतजार के बाद यात्रियों को प्राइवेट व अन्य डिपो की बसों में सफर करना पड़ा।

वहीं दूसरी ओर रोडवेज बसों का चक्का जाम होने पर प्राइवेट बस संचालकों ने मोटी कमाई की। वहीं हड़ताल पर बैठे रोडवेज कर्मचारियों ने मांगों को लागू नहीं करने पर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान बस स्टैंड व बाहर पुलिसबल तैनात रहा। रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता जितेन्द्र यादव ने बताया कि नारनौल डिपो में चालक-परिचालक सहित लगभग 600 कर्मचारी है। जिनमें से करीब 550 कर्मचारी हड़ताल में शामिल रहे।

### हड़ताल सफल, 25 से 40 बसों का हुआ संचालन

उन्होंने बताया कि हड़ताल के दौरान नारनौल डिपो से 35-40 बसों का ही संचालन हो पाया। वहीं दूसरी और रोडवेज डिपो जीएम नवीन भारद्वाज से दावा किया कि नारनौल बस स्टैंड से लगभग सभी रूटों पर बसों का संचालन किया गया। लेकिन धरातल पर हड़ताल का साफ असर दिखाई दिया, क्योंकि हड़ताल से बे-खबर यात्रियों को बसों के लिए बस स्टैंड के बाहर घंटों इंतजार करना पड़ा। जिनका नजारा भी देखने को मिला। हड़ताल के चलते बस नहीं मिलने पर परेशान यात्री बस स्टैंड के बाहर बस का इंतजार कर थक चुके थे, तभी फरीदाबाद डिपो की बस आई, जिसमें पहले ही लगभग सभी सीटों पर यात्री बैठे। इसके बावजूद क्षमता से ज्यादा सवारियां इस बस में चढ़ गई। जिनको बस में खड़े होकर सफर करना पड़ा।

### शाम 4 बजे तक 43 बसें गई और सवारियां लेकर 61 वापस आई

चीफ इंस्पेक्टर ब्रह्मप्रकाश ने बताया कि हड़ताल के दौरान नारनौल डिपो से सायं चार बजे तक विभिन्न रूटों पर कुल 43 बसें चलाई गई। इसके अलावा बाहर नाइट पर रूकी बसों में से 61 बसें वापिस डिपो में सवारियां लेकर आई।

### जीएम बोले, यात्रियों की संख्या अनुसार रूटों पर किया बसों का संचालन

रोडवेज डिपो जीएम नवीन भारद्वाज से कहा कि हड़ताल का आंशिक असर रहा। हड़ताल के दौरान लगभग सभी रूटों पर रोडवेज बसें चलाई गई। यात्रियों को कोई परेशानी ना हो इसके लिए जिस रूट के लिए ज्यादा सवारियां थी उस रूट के लिए भी आवश्यकता के अनुसार बस चलाई गई।

### रोडवेज कर्मचारियों की यह हैं मुख्य मांगें

सांझा मोर्चा की मुख्य मांगों में हिट एंड रन कानून रद्द करने, देय अवकाश कटौती पत्र वापिस लेने, परिचालक-चालक की वेतन विसंगति दूर करने, वर्ष 2002 से चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का करके पुरानी पेंशन नीति में शामिल करने, वर्ष 2016 के चालक व 52 दादरी के हेल्परों को पक्का करने की पॉलिसी बनाने, चालक व परिचालकों से आठ घंटे की ड्यूटी लेने व आठ घंटे ड्यूटी से अधिक ड्यूटी को ओवरटाइम देने, चालकों को अड्डा इंचार्ज के पद पर प्रमोशन देने, स्थाई तबादला नीति बनाने, वंचित कर्मचारियों को तकनीकी वेतनमान देने, ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कैडर से बाहर करके उन्हें तकनीकी पदों व प्रमोशन देने आदि शामिल हैं।



महेंद्रगढ़। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार से मुलाकात करतीं डॉ. मोना शर्मा।

## हकेंवि की डॉ. मोना शर्मा को मिला एनईएसए एनवायर्नमेंटलिस्ट ऑफ द ईयर 2023 पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोना शर्मा को बायो-एनर्जी, अपशिष्ट जल प्रबंधन और शैवाल मेटाबोलाइट्स में उल्लेखनीय कार्य पर एनईएसए पर्यावरणविद् ऑफ द ईयर 2023 पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. मोना शर्मा को राष्ट्रीय पर्यावरण विज्ञान अकादमी ने पुरस्कार दिया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने डॉ. मोना शर्मा को इसके लिए बधाई देते हुए एक शिक्षक, शोधकर्ता व प्रशासक के रूप में डॉ. मोना शर्मा का योगदान को जोड़ा।

विवि स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेस की डीन प्रो. नीलम सांगवान ने भी बधाई दी। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को सम्मान पत्र एवं स्वर्ण पदक प्रदान करते हुए डॉ. मोना शर्मा ने कहा कि कुलपति के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के शिक्षक लगातार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। डॉ. मोना ने राष्ट्रीय पर्यावरण विज्ञान अकादमी अध्यक्ष प्रो. जावेद अहमद का भी आभार व्यक्त किया। इससे पहले भी डॉ. मोना शर्मा को 2022 में इंजीनियरिंग, विज्ञान और चिकित्सा पर अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक पुरस्कार में महिला शोधकर्ता पुरस्कार, सेलांगोर, मलेशिया में आयोजित आईएससीएमएनबी 2021 (सिडांग पेमबेकल प्रबंधन), में सर्वश्रेष्ठ आमंत्रित व्याख्याता पुरस्कार, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार की ओर से प्रमुख पूर्व छात्र पुरस्कार 2021 तथा पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए भारतीय पर्यावरण विज्ञान अकादमी की मानद फैलोशिप आदि से सम्मानित किया जा चुका है। विश्वविद्यालय कुलपति से मुलाकात के अवसर पर डॉ. मोना शर्मा के साथ संकाय सदस्य डॉ. अनिता सिंह, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. स्मिता, डॉ. अनूप यादव एवं डॉ. भूपेंद्र पी. सिंह भी उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवसः पुलिस ने खंगाले होटल व धर्मशाला

गणतंत्र दिवस पर पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला पुलिस की ओर से गणतंत्र दिवस को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की तरफ से सर्च अभियान चलाया जा रहा है। जिले के सभी थानों के थाना प्रबंधक अपनी टीम के साथ अपने-अपने क्षेत्र में होटल व धर्मशालाओं का रिकॉर्ड जांच रहे हैं। पुलिस के विभिन्न थानों को टीमों की ओर से जिलेभर में दूसरे राज्यों से आए लोगों की पहचान को जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को जिलेभर के शहरी इलाकों में पुलिस ने ऐसे लोगों की पहचान की, जो अन्य राज्यों से आकर यहां व्यवसाय कर रहे हैं। इसके साथ ही पुलिस ने वाहनों को भी चैक किया।

एसपी नितिश अग्रवाल ने गणतंत्र दिवस को लेकर सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाए। होटलों, ढाबों, धर्मशालाओं, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि को सघनता से चैक किया जाए। जिनके तहत पुलिस ने जिलेभर में होटलों, ढाबों, धर्मशालाओं को चैक किया। इस दौरान होटल, धर्मशालाओं का रिकॉर्ड चैक करते हुए संचालकों को हिदायत दी कि होटल या धर्मशाला में रूकने वाले की आईडी, आधार कार्ड आदि अच्छे से चैक करके रजिस्टर में एंट्री करें और आगंतुकों को आईडी की प्रति अपने पास रिकॉर्ड में अवश्य रखें। सभी नियमों की पालना दृढ़ता से करें। अगर कोई संदिग्ध किस्म का व्यक्ति रूकने के लिए आता है तो तुरंत इसके बारे में नजदीकी पुलिस थाना/चौकी में सूचना दें या डायल 112 पर इसके बारे में सूचना दें। इसके अलावा पुलिस ने आमजन से अपील की कि अगर किसी भी व्यक्ति को अपने क्षेत्र में कोई संदिग्ध किस्म का व्यक्ति या संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो उसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दें।



नारनौल। सर्च अभियान के तहत जांच करती पुलिस व केबिन के पर्दे हटावाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

**पुलिस ने हटाए कैफे में बनाए गए केबिन : नारनौल।** शहर में बने पिज्जा कैफे में पुलिस ने छापे मारे है। इस दौरान मौके पर काबू किए गए युवक-युवतियों को चेतावनी देकर छोड़ दिया। इस दौरान पुलिस ने पिज्जा कैफे संचालकों से पूछताछ की और वहीं कैफे में बनाए गए अलग-अलग केबिन हटवाए गए तथा वहां पर लगाए गए पर्दे हटवाए गए। एसपी नितिश अग्रवाल ने शहर के होटल व कैफे संचालकों को चेतावनी दी है कि किसी भी अनैतिक कार्य को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## दोपहर बाद हुए सूर्यदेव के दर्शन, ठंड से मिली राहत



- नारनौल में 6.0 व महेंद्रगढ़ में 7.2 डिग्री रहा न्यूनतम तापमान

नारनौल। कोहरे के बीच सड़क पर गुजरते वाहन। फोटो : हरिभूमि

नारनौल। जिले में लगातार ठंड का सितम देखने को मिल रहा है। उत्तरी पश्चिमी हवाएं चलने से रात्रि तापमान में गिरावट देखने को मिली। जिससे शीतलहर व पाला जमने की स्थिति बन रही है। रात्रि से दोपहर तक ऊपरी और निचले स्तर पर कोहरा छाया रहने से दिन के तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है। मौसम विशेषज्ञ डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि बुधवार को हरियाणा एनसीआर दिल्ली के अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान 8.0 डिग्री सेल्सियस से 16.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 3.0 डिग्री सेल्सियस से 8.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान क्रमशः 6.0 डिग्री सेल्सियस व 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ में दिन का तापमान क्रमशः 16.5 डिग्री सेल्सियस व 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कोहरा की सघन सफेद परत जाने का नाम नहीं ले रही हैं। जिसके चलते भारतीय मौसम विभाग ने हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर लगातार रेड व ऑरेंज अलर्ट जारी किया हुआ है। डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि आने वाले चार दिनों में अभी आमजन को इस हाड़ कंपा देने वाली ठंड, कोहरा, शीतलहर से राहत के आसार नहीं दिख रहे।

### चार एकड़ में बन रही अवैध कॉलोनी पर चलाई जेसीबी

**नारनौल।** जिला नगर योजनाकार की टीम ने बुधवार को शहरी क्षेत्र में बाईपास रोड पर लगभग चार एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में



तोड़फोड़ की कार्रवाई की। जनकारी के अनुसार कुछ लोगों की ओर से लगभग चार एकड़ में महानिदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा चण्डीगढ़ से बिना लाइसेंस अनुमति लिए अवैध कॉलोनी बनाई जा रही थी व रोड नेटवर्क बिछाए जा रहे थे। जिसे जिला प्रशासन की मदद से तोड़ दिया गया। इस कार्रवाई में एक चारदीवारी, पांच डीपीसी व सभी कच्चे रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। इस बारे में जिला नगर योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग ने लोगों से कहा है कि नियंत्रित क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## लिंग अनुपात में बेस्ट विलेज अवार्ड योजना, तीन बेटियां सम्मानित

# 2022 में सतनाली में जन्मी थी 1435 बेटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने जिले की बेटियों से आह्वान किया कि वे इसी प्रकार हर क्षेत्र में आगे बढ़ती रहे। सरकार की योजनाओं से धीरे-धीरे समाज में आ रहा बदलाव बहुत अच्छे संकेत हैं। डीसी बुधवार को आईटीआई मैदान में बालिका दिवस के अवसर पर वर्ष 2022 के दौरान बेहतर लिंग अनुपात वाले गांव की तीन प्रतिभावान बेटियों को पुरस्कृत करने के बाद छात्राओं को संबोधित कर रही थी।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सरकार व समाज के प्रयासों से बेटियां अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। खेल से लेकर



नारनौल। सबसे बेहतर लिंगानुपात वाले गांव की बेटियों को सम्मानित करती डीसी।

शिक्षा तक हर क्षेत्र में बेटियों ने अपना लोहा बनवाया है। सरकार भी जन्म से लेकर शिक्षा तक लड़कियों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में माता-पिता व राष्ट्र का नाम रोशन कर रही हैं। जिले के गांव नावदी की बेटी गरिमा को सामाजिक कायार्ें के लिए राष्ट्रपति अवार्ड मिलना जिले के लिए गौरव की बात है। उपायुक्त ने सतनाली गांव के सरकारी स्कूल की तीन बालिकाओं को स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से चलाई जा रही योजना के तहत नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

डीसी ने बताया कि सतनाली गांव में 2022 के दौरान लड़कियों की संख्या लड़कों के मुकाबले में 1435 रही है। जिसके तहत तीन बालिकाओं को आज पुरस्कृत किया गया। जिन छात्राओं ने सतनाली गांव में 2022 के दौरान दसवीं की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया था, उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से बेस्ट विलेज अवार्ड योजना के तहत सतनाली गांव को चुना गया था।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डा. रमेश चन्द्र आर्य ने बताया कि आज आयोजित कार्यक्रम के दौरान ईशा पुत्री धर्मपाल को 75 हजार रुपये, डिंपल पुत्री विक्रम को 45 हजार रुपये व मुस्कान पुत्री राकेश को 30 हजार रुपये का चेक दिया गया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से मेरी लाडो मेरी शान अभियान चलाया गया है। इसके तहत अब लिंग अनुपात में बदलाव आ रहा है। इस अवसर पर उपायुक्त ने सतनाली की सरपंच मनीषा, प्रवर चिकित्सा अधिकारी सतनाली व ब्लॉक आशा कोर्डिनेटर सतनाली को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल, अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, एएसपी प्रबिना पि, कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव, पीसी एण्ड पीएनडीटी उप सिविल सर्जन डा. विजय यादव व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### झूठा मिला दुष्कर्म का केस, पुलिसकर्मी बरी

**महेंद्रगढ़।** जिला न्यायलय के जज राज गुप्ता ने दुष्कर्म के मामले में सुनवाई करते पुलिस कर्मी गांव ढाणा निवासी अशोक कुमार उर्फ आकाश को बरी किया हैं। एक गांव निवासी महिला ने रेवाड़ी में कार्यरत पुलिस कर्मी पर 2020 में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। जिसमें बताया कि उसने 2017 में आईजीयू में दाखिले के लिए आवेदन किया था। उसे काउंसिलिंग के लिए बार-बार विवि जाना पड़ता था। पहले से परिजनों के संपर्क में रहे अशोक ने उसे अपनी गाड़ी में लिफ्ट दी व कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसकी आपत्तिजनक फोटो लेकर उसे ब्लैकमेल किया। जनवरी 2020 को पुलिस ने महिला की शिकायत पर पुलिस कर्मचारी के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था।